# कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा
(परीक्षा विभाग)

पत्रांक सं0: KU/NC/CE/..1567..../2026 दिनांक : 03/08/26

## स्नातक FYUGP 1st सेमेस्टर परीक्षा, 2025 (Under NEP) (सत्र 2025 – 2029) के प्रवेश पत्र में विषय सुधार के संबंध में आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा सभी संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य/परीक्षा नियंत्रक/केन्द्राधीक्षक तथा छात्र/छात्राओं को स्नातक FYUGP 1st सेमेस्टर परीक्षा, 2025 (Under NEP) सत्र 2025 – 2029 के प्रवेश पत्र में विषय सुधार हेतु निम्नलिखत निर्देश जारी किए जाते हैं –

(क) **छात्र/छात्राओं के लिए निर्देश** : – वैसे विद्यार्थी जिन्होंने अपने एडमिट कार्ड में गलत विषय को अपने कॉलेज के प्राचार्य अथवा परीक्षा नियंत्रक से मैन्युअल रूप से सुधार करा कर परीक्षा दिये हैं वो लोग **डाटा सुधार हेतु दिनांक 13/08/2026** तक विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग से अपने Admit Card में सुधार करा लेंगे। इसके लिए निम्नांकित दस्तावेज साथ में संलग्न करेंगे।

1. आवेदन पत्र :– परीक्षा नियंत्रक, कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा को संबोधित करते हुए आवेदन लिखेंगे तथा उस आवेदन को अपने कॉलेज के प्राचार्य से अग्रसारित कराएँगे। आवेदन पत्र में कॉलेज के प्राचार्य का हस्ताक्षर तथा कॉलेज का मुहर आवश्यक है।
2. Admit card, 10+2 अंकपत्र की छाया प्रति ।
3. Attendance Sheet की सत्यापित छाया प्रति जो परीक्षा केन्द्र से प्राप्त होगा।

(ख) **परीक्षा केन्द्रों के लिए निर्देश** : – सभी कॉलेज के केन्द्राधीक्षक संबंधित छात्र/छात्राओं को प्राथमिकता देते हुए Attendance Sheet की सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध कराएँगे।

(ग) **कॉलेजों के लिए निर्देश** : – **सभी महाविद्यालय अपने स्तर (Notice Board, WhatsApp इत्यादि) से उपर्युक्त सूचना सभी छात्र/छात्राओं को सूचित करना सुनिश्चित करेंगे।**

**विशेष नोट** :– निर्धारित तिथि 13/08/2026 के समाप्ति के बाद 200/– रूपये सुधार शुल्क देय होगा तथा समय पर प्रवेश पत्र सुधार नहीं होने पर रिजल्ट पेंडिंग होने की स्थिति में इसकी पूर्ण जिम्मेवारी विद्यार्थी की होगी।

03/8/26
परीक्षा नियंत्रक
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा
03/08/2026